आइआइएम रांची. स्मार्ट भारत इनोवेशन चैलेंज 2018-19 का आयोजन, मिले अहम टिप्स

विद्यार्थियों ने जानी स्टार्टअप की बारीकियां

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

ई-सेल, आइआइएम रांची के इंटरप्रेन्योरशिप क्लब व एकल एडवाइजरी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्मार्ट भारत इनोवेशन चैलेंज 2018-19 का आयोजन आइआइएम रांची में किया गया. देश के शहरों में स्टार्ट अप और उभरते युवा व्यवसायियों के बारे में जानकारी दी गयी. विद्यार्थियों को बताया गया कि कैसे आप स्टार्ट अप के जरिये देश को औद्योगिक विकास की ओर ले जा सकते हैं.

यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू हुआ. इस कार्यक्रम में नये स्टार्टअप झारफार्म, शिल्पकार, रिऑन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एस गार्बेज व ब्रेकफास्ट फूड एंड लिविंग प्रा लि आदि के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव शेयर किये. यह कार्यक्रम कंपनियों व उपक्रमों जैसे 366 पीआइ, ब्रांडशूट्स, एक्यू वेंचर्स आदि के साथ साझेदारी के लिए आयोजित की गयी थी. पैनल डिस्कशन भी हुआ. इनमें एक स्टार्टअप स्थापित करने के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक पर जोर देने के लिए क्या करना चाहिए. स्टार्टअप के लिए मार्केटिंग गतिविधियां कैसे करें? आदि शामिल थे. ई-सेल के वरिष्ठ समन्वयक अंकित सिंह ने कहा कि रांची में और उसके बाहर उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के कुछ महान दिमागों के साथ बातचीत करना एक शानदार अनुभव रहा है.

स्मार्ट भारत इनोवेशन चैलेंज 2018-19 का आयोजन.

Prabhat Khabar, 06.01.2019, Pg. 21